आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 17.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन कर रहे हैं 11 हजार करोड़ लागत की इन परियोजनाओं से दिल्ली और आसपास के क्षेत्र में यातायात सुगम हो सकेगां इनमें द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार मार्ग–2 शामिल हैं इससे यात्रा के समय में बचत के साथ ही माल की आवाजाही में आसानी होगीं इससे दिल्ली एनसीआर को ट्रैफिक जाम से राहत मिल सकेगीं प्रधानमंत्री ने इन परियोजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और परियोजनाओं के बारे में जानकारी लीं इसमें लगे निर्माण श्रमिकों से भी बातचीत कीं इस अवसर पर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी प्रधानमंत्री के साथ मौजूद हैं प्रधानमंत्री जनसमूह को भी संबोधित करेंगें

0000

निर्वाचन आयोग की आज दोपहर नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस होगीं दोपहर तीन बजे नेशनल मीडिया सेंटर में ये प्रेस वार्ता आयोजित की जायेगीं ऐसा माना जा रहा है कि ईसीआई इसमें मतदाता सूचियों और एसआईआर से जुडे सवालों के जवाब दे सकता हैं

0000

भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड की आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में बैठक होगीं इसमें उप–राष्ट्रपति चुनाव के प्रत्याशी पर चर्चा हो सकती हैं एनडीए नेताओं ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री श्री मोदी और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा को उप–राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुनने के लिए अधिकृत किया हैं उप–राष्ट्रपति चुनाव के लिए 21 अगस्त तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं चुनाव नौ सितम्बर को होगां यह चुनाव श्री जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण हो रहा हैं

0000

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने इस साल जुलाई में दस राज्यों में उपभोक्ताओं की सौ फीसदी शिकायतों का समाधान करने की उपलब्धि हासिल की हैं उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा है कि इस अवधि के दौरान दर्ज मामलों की तुलना में समाधान मामलों की संख्या अधिक रहीं ई–जागृति मंच के लॉन्च होने के बाद प्रवासी भारतीयों सहित दो लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं ने शिकायतें दर्ज कराईं

0000

अजमेर में भारतीय रेल्वे की पहली अंतर्राष्ट्रीय स्तर की राईफल शूटिंग रेंज का शुभारम्भ किया गया हैं अजमेर मंडल रेल प्रबंधक ने इसका उद्घाटन कियां इस आधुनिक सुविधा से रेलकर्मचारियों और खिलाडियों को काफी फायदा होगां इस रेंज में राईफल शूटिंग का प्रशिक्षण भी दिया जायेगां

0000

प्रदेश में आज नंदोत्सव की धूम हैं जन्माष्टमी के दूसरे दिन नाथद्वारा में श्रीजी प्रभु की हवेली में श्रद्धाभाव से जन्मोत्सव मनाया जा रहा हैं

.....

उधर स्वर्णनगरी जैसलमेर के गोविंदसर स्थित हरिराय महाप्रभुजी की चौकी पर दुग्धाभिषेक किया जा रहा हैं

0000

आज गोगानवमी हैं इस अवसर पर हनुमानगढ़ के गोगामेडी में गोगाजी की समाधि पर श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें लगी हुई हैं वहीं सरहदी जिले बाडमेर में भी गोगानवमी पारम्परिक आस्था के साथ मनाई जा रही हैं गोगाजी मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं इसके साथ ही सुख समृद्धि की कामना की जा रही हैं चूरू में गोगाजी की जन्मस्थली ददरेवा में आज मेला भरा हैं इसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड हैं भक्त डाब सरोवर में पवित्र स्नान कर धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं मेला कल तक चलेगां

0000

मौसम विभाग ने आज चित्तौडगढ, हनुमानगढ, कोटा बूंदी, दौसा सहित अन्य कई स्थानों पर गरज के साथ हल्की बरसात होने और तेज हवायें चलने की चेतावनी जारी की हैं इस बीच प्रदेश में बीते 24 घंटों में कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हुई वहीं कहीं–कहीं भारी बारिश भी दर्ज की गईं सबसे ज्यादा 11 सेंटीमीटर पानी अजमेर के मसूदा और सिरोही के माउंटआबू में बरसां वहीं नसीराबाद, खैरवाडा, बांसवाडा के केसरपुरा और घाटोल तथा जालौर के रानीवाडा में भी चार से 8 सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज हुई इसके अलावा भीलवाडा, डूंगरपुर, भरतपुर, अजमेर से भी अच्छी बारिश के समाचार हैं

0000